प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

होली पर्व

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और बसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। होली पर्व को लेकर प्रदेश भर में हर आयु वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस पर्व के दौरान लोग डी.जे. की धुनों पर नाचते–गाते नज़र आए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोकभवन शिमला में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। राज्यपाल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

वहीं मुख्यमंत्री के आवास में भी होली का खूब जश्न देखा गया। राज्य सरकार के मंत्री वरिष्ठ नेता और प्रशासनिक अधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को होली की बधाई देने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने लोगों को होली की बधाई देते हुए सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी अपने सरकारी आवास पर भाजपा नेताओं के साथ होली खेली।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में स्थानीय लोगों के साथ होली का पर्व मनाया। उन्होंने कहा कि होली देश का ऐसा पावन पर्व है जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर एक दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी देता है।

सिरमौर–होली

सिरमौर जिले में भी होली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व सांसद सुरेश कश्यप ने पार्टी कार्यकर्ताओं व आम लोगों के साथ होली मनाई। इस अवसर पर राजीव बिंदल ने कहा कि होली रंगों और खुशियों के साथ–साथ समाज के लिए एकता का संदेश देने वाला त्यौहार है। सुरेश कश्यप ने कहा कि ये त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यही कारण है कि देश भर में इसे धूम–धाम से मनाया जाता है।

सुजानपुर होली

दूसरी ओर हमीरपुर जिले के सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली मेले का आज अंतिम दिन है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस चार दिवसीय महोत्सव समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

नामांकन

राज्यसभा की एक सीट के लिए प्रदेश कांग्रेस कल 5 मार्च को नामांकन दाखिल करेगी। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नामांकन से पहले कल सुबह कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। कल ही नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि 9 मार्च तक उम्मीदवार नाम वापिस ले सकते हैं। मतदान 16 मार्च को होगा।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से आरंभ होगा। ये सत्र 2 अप्रैल तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश

करेंगे। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

उपायुक्त कुल्लू

कुल्लू के उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने आज जिले के हरिपुर स्थित गैर सरकारी संगठन मनाली स्ट्रेज का दौरा किया। उन्होंने संगठन द्वारा बेसहारा और घायल पशुओं के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इस दिशा में प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में इस संस्थान ने करीब 9 हज़ार पशुओं का टीकाकरण किया है और लगभग 5 हज़ार पशुओं का नसबंदी अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को संस्था के कार्यों की जानकारी दी।